अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 2 जून 2018

PAGE NO . 9. BOTTOM

एसआरएमएस की 93 प्रतिशत छात्राओं का प्लेसमेंट

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च के सत्र 2017-18 में बीटेक की 93 प्रतिशत छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। विद्यार्थियों का चयन टेली परफॉर्मेंस, मोबीलाइट, जेनपैक्ट, यूसर्टिफाई, फरेनिसस पार्टनर्स, आईसीआईसीआई बैंक आदि कंपनियों में न्यूनतम 3.10 लाख से अधिकतम 6 लाख रुपये सालाना पैकेज पर हुआ। कई छात्राओं को एक से अधिक कंपनियों के ऑफर मिले हैं। प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 83 कंपनियां शामिल हुईं। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी ट्रस्ट आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक प्रो. सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, अनुज कुमार आदि ने चयनित छात्राओं को बधाई दी। ब्यूरो